मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ अंक :३६ मुंबई, शुक्रवार, २१ जून से २७ जून २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये



## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेते ट्रैफिक पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**भिवंडी :** कोनगांव यातायात पुलिसकर्मी ने एक ट्रक को छोड़ने के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत मांगी थी, जिसे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने गिरफ्तार कर लिया है। सिपाही सुनील आव्हाड ने ३० अप्रैल की रात में एक ट्रक पकड़ा था, जिसे छोड़ने के लिए व्यापारी मापारी पाटील से ५ हजार रुपये रिश्वत मांगी। इसकी शिकायत ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से कर दी गई।

### अवैध संबंध के चलते पत्नी की हत्या

**भिवंडी :** म्हाडा कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, साहेब आलम अंसारी (२५) पत्नी नाजिया अंसारी (२२) के साथ रहता था। उसे शक था कि पत्नी का उसके बड़े भाई के साथ अवैध संबंध है। वह किसी काम से बाहर गया था और जब वापस आया, तो बड़े भाई के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद उसने नाजिया की हत्या कर दी।

### एक रात में १२ घरों में सेंधमारी

**भिवंडी :** निजामपुरा इलाके में पिकनिक मनाने गए कुछ परिवारों का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने १२ घरों में सेंधमारी कर करीब ४ लाख रुपये का समान चोरी कर लिया। पिकनिक से वापस आने पर चोरी का पता चला। पुलिस के अनुसार, दूसरा निजामपुरा स्थित खिजरा मस्जिद इलाके के कुछ लोग पूरे परिवार पिकनिक मनाने के लिए एक रात भिवंडी से बाहर गए थे। मौके का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने १२ घरों में हाथ साफ कर दिया।

### सिंधी साहित्य अकैडमी में ७ उल्हासनगर से

**उल्हासनगर :** महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकैडमी की कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष विनोद तावडे व कार्याध्यक्ष डॉ. गुरमुख जगवानी के साथ महाराष्ट्रभर से सिंधी समाज के ३४ सदस्यों को चुना गया है। इनमें से उल्हासनगर से ७ सदस्य चुने गए है।

इनमें कुमार आयलानी, जमुनादास खूबचंद पुरस्वानी, महेश सुखरामनी, मनोज लासी, सुंदर ढंगवाणी, दीपक वाटवानी और काजल मूलचंदानी शामिल हैं। उल्हासनगर से चुने हुए सभी सातों सदस्यों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार माना।

### भिवंडी में कामवारी नदी की होगी सफाई

**भिवंडी :** भिवंडी मनपा एवं श्री हालारी विशा ओसवाल महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जलपुरुष डॉ. राजेंद्र सिंह सहित अन्य जलनायक नाला बन चुकी भिवंडी की कामवारी नदी सोमवार को साफ करेंगे। कामवारी नदी शुद्धीकरण एवं ठाणे जिला के जल संक्रमण निराकरण पर कार्यशाला का आयोजन १७ जून को महाविद्यालय में किया गया है। कार्यशाला की शुरुआत डॉ. राजेंद्र करेंगे। इस मौके पर यशदा पुणे के संचालक डॉ. सुमंत पांडेय, ठाणे के जिलाधिकारी डॉ.राजेश नार्वेकर, मनपा आयुक्त मनोहर हिरे एवं अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार रणखांब उपस्थित रहेंगे।

## स्टेशन परिसर से लेकर फुटओवर ब्रिज तक अतिक्रमण

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई :** रेलवे स्टेशनों के बाहर १५० मीटर के दायरे में अतिक्रमण हटाने के हाई कोर्ट के निर्देश का अभी क्या हाल है, यह किसी भी स्टेशन के बाहर देखा जा सकता है। शुरू में राज्य सरकार ने अतिक्रमण मुक्ति का अभियान जोर-शोर से चलाया था, लेकिन अब शासन-प्रशासन और स्थानीय सरकारी तंत्र सुस्त हो गया है। नतीजा, फिर वही फेरीवाले, सब्जी-भाजी, फल और कपड़े-खिलौने बेचने वाले कब्जा करके बैठ गए हैं।

उदाहरण के तौर पर कांदिवली स्टेशन का पूर्व और पश्चिमी हिस्सा देखा जा सकता है। यहां अतिक्रमणकारियों में न तो स्थानीय कांदिवली और समता नगर पुलिस का खौफ है, न ही बीएमसी के आर-साऊथ वॉर्ड का डर। यही नहीं, ऑटो रिक्शावाले भी यात्रियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। पैदल चलने को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है, क्योंकि उन्हें फेरीवालों की वजह से चलने को






फुटपाथ नहीं मिलते। आकुर्ली रोड, एसवी रोड, स्टेशन रोड, एमजी रोड, ठाकुर हाउस रोड और शंकर लेन की सड़कें बुरी स्थिति में हैं। यहां भीड़भाड़ की वजह से आए दिन पॉकेटमारी और छीना-झपटी होती है। यहां से रोजाना करीब ३ लाख यात्री आते-जाते हैं।

रेलवे स्टेशन परिसर से लेकर फुटओवर ब्रिज तक फेरीवालों का अतिक्रमण प्रशासन और जनता के लिए परेशानी का सबब है। लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। बीएमसी और पुलिसकर्मियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि रेलवे परिसर यात्रियों के लिए हैं, न कि अवैध फेरीवालों के लिए।

हालात बदतर: स्थानीय किराना दुकानदार महेश गुप्ता और परचून दुकान चलाने वाले गणेश गिरी ने बताया कि रात में आकुर्ली रोड हो या स्टेशन रोड, ऑटोवालों की मनमर्जी चलती है। फल, मोबाइल और अन्य सामान बेचने वाले यात्रियों को परेशान कर देते हैं। बीएमसी और पुलिसकर्मी यहां दिखते तक नहीं। स्टेशन से सटे प्रतिबंधित हिस्से तक ऑटो आ जाते हैं।

पुलिसकर्मी मूक: चोर-उचक्कों से बचने के लिए आकुर्ली रोड पर शिवसेना कार्यालय और स्टेशन रोड पर पुलिस की एक टुकड़ी तैनात की गई है। हालांकि स्थानीय निवासी सविता सिंह बताती हैं कि पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहते हैं। कोई कार्रवाई नहीं करते। सबसे बुरी हालत स्काइवॉक की है, जहां भिखारियों से लेकर जुआरियों तक का जमघट लगा रहता है। स्टेशन से आने-जाने वाली महिलाओं-युवतियों को पूरी सुरक्षा मिलनी चाहिए। बीएमसी अतिक्रमण हटाए और पुलिस को असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करे। प्रशासन ने कांदिवली स्टेशन के दोनों ओर पुलिसकर्मी चौबीस घंटे तैनात किए हैं। बावजूद इसके, लापरवाही बरती जा रही है, तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## वेब सीरीज 'फिक्सर' की शूटिंग के दौरान हमला

### कलाकारों को सुरक्षा का भरोसा दिलाए सरकार-गंगेश्वर श्रीवास्तव

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई :** ठाणे के घोड़बंदर में चल रही वेब सीरीज 'फिक्सर' की शूटिंग के दौरान जब कुछ गुंडों ने वहां पहुंचकर क्रू पर हमला किया तो उस वक्त वहां लोकेशन पर अभिनेत्री माही गिल भी मौजूद थीं। हमला होते ही यूनिट के २ सदस्य फौरन माही की तरफ बढ़े और उसे उसकी कार में सुरक्षित बैठा दिया। माही को लेकर कार निकल गई जबकि यूनिट के कुछ सदस्यों को इस घटना में काफी चोटें आईं। हमले के वक्त लोकेशन पर क्रू के १० लोग मौजूद थे। मामले में कुल तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

गत बुधवार को घोडबंदर के गायमुख में विनायक मरीन पेट्रोल पंप के पास निर्माता सोहम शाह की वेब सीरीज 'फिक्सर' की शूटिंग चल रही थी। सभी कलाकार शूटिंग कर ही रहे थे कि शाम ४।३० बजे के आस-पास अचानक चार-पांच लोग अंदर आए और बिना कुछ बातचीत किए डंडे से सभी को पीटने लगे। अचानक हुई घटना से चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। लोकेशन पर उपस्थित लोग कुछ समझ पाते तब तक क्रू के कई लोगों की पिटाई हो चुकी थी। कल अभिनेत्री माही गिल ने बताया कि कल गुरुवार को हम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिले और मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने तुरंत एक्शन लेते हुए संबंधित अधिकारी को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कासरवड़वली पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किशोर खैरनार ने बताया कि घोडबंदर परिसर में लोकेशन उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग ग्रुप हैं जिनकी आपसी रंजिश के शिकार कलाकार होते हैं। खैरनार ने बताया कि माही गिल को स्टेटमेंट के लिए बुलाया गया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलॉइज ने फैसला किया है जब तक मुंबई की सीमा के बाहर सदस्यों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जाती तक तक वहां फेडरेशन का कोई भी सदस्य शूटिंग नहीं करेगा। मुंबई से बाहर खासकर ठाणे, मीरा रोड, वसई, नायगांव तथा आसपास में शूटिंग के लिए नहीं जाएगा। फेडरेशन के अध्यक्ष बी.एन. तिवारी ने कल एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की। तिवारी ने कहा कि हमें सुरक्षा देना सरकार और प्रशासन का काम है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन की बैठक में इससे जुड़ी सभी २८ क्राफ्ट यूनियनों ने तय किया है कि जब तक सरकार और प्रशासन हमें सुरक्षा का मजबूत भरोसा नहीं देता हमारे ५ लाख सदस्यों में कोई भी मुंबई के दहिसर चेकनाका से आगे शूटिंग के लिए नहीं जाएगा। संवाददाता ने इस संबंध में गंगेश्वर श्रीवास्तव (डिस्प्यूट चेयरमैन एण्ड ट्रेजरर फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्पलाइज) से संपर्क किया परंतु उनसे संपर्क नहीं हो सका।



### कलाकारों पर हमला बदाश्त नहीं : मुख्यमंत्री

**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि कलाकारों पर हमले को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। हमला करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़क कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को विधानपरिषद में ध्यानाकर्षण मुद्दे के तहत राकांपा के सदस्य किरण पावसकर ने सदन में मुद्दा उपस्थित किया था। जिसमें पावसकर ने कहा कि बुधवार को ठाणे स्थित घोड़बंदर रोड पर कुछ कलाकारों द्वारा वेब सीरीज की सूटिंग के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने कलाकारों पर हमला कर दिया, जब कलाकारों ने पुलिस से मदद मांगी तो पुलिसवालों ने मदद देने से इंकार कर दिया। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके जबाब में सीएम फड़नवीस ने कहा कि कलाकारों पर हुए हमले से संबंधित पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बाकी के बचे आरोपियों को पकड़ने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश ठाणे पुलिस आयुक्त और इससे संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। इस दौरान सीएम फड़नवीस ने कहा कि फिल्म, सीरियल की शूटिंग के लिए मीरा रोड और ठाणे इलाकों में जगह मुहैया कराने के लिए भारी प्रतिस्पर्धा है। मुख्यमंत्री फड़नवीस ने कहा कि सरकार शूटिंग से जुड़ी अनुमति के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म शुरू करने जा रही है, जिसकी शुरुआत १५ अगस्त से सरकार करेगी। इस योजना से बड़ी संब्या में फिल्म से जुड़े लोगों को लाभ मिलेगा। फिल्म अभिनेत्री माही गिल ने मुख्यमंत्री फड़नवीस से मुलाकात कर कलाकारों के साथ मारपीट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की बुधवार को ठाणे के घोड़बंदर स्थित वेब सीरीज की शूटिंग के दौरान कलाकरों पर हुए हमले को लेकर गुरुवार को विधानभवन में फिल्म निर्माता अशोक पंडित और फिल्म की प्रसिद्ध अभिनेत्री माही गिल के नेतृत्व में पीड़ित कलाकारों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री फड़नवीस ने पीड़ित कलाकारों को आश्वस्त किया कि शूटिंग के वक्त उन्हें उचित पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। बता दें कि बुधवार को कलाकारों की टीम बालाजी टेलीफिल्म के डिजिटल प्लेटफार्म के लिए घोड़बंदर रोड स्थित एक फैक्ट्री में वेब सीरिज की शूटिंग कर रही थी। इस दौरान कुछ गुंडों ने यूनिट पर रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में प्रमुख कैमरामैन और यूनिट के अन्य सदस्य घायल हो गए।






कुरार गाँव म.न.पा. पाठशाला (मराठी, हिंदी, गुजराती व अंग्रेजी) के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा मुंबई के मंत्री, म.न.पा. पी / उत्तर प्रभाग समिती व दी मालाड सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष व कार्यसम्राट नगरसेवक श्री विनोद उदयनारायण मिश्रा जी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन करते हुए म.न.पा. पाठशाला में शिक्षा स्तर को और मजबूत करने के लिए आश्वासन दिया साथ ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद व शुभकामनाएं भी प्रदान की।

## बाल सुधार गृहों में करीब ७४ हजार बच्चों का कोई अता-पता नहीं

**सुरेश वाकडे**

**मुंबई :** लोकलेखा समिति ने सनसनी खुलासा किया है। राज्य के महिला व बाल कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विविध बाल सुधार गृहों में करीब ७४ हजार बच्चों का कोई अता-पता नहीं है। माना जा रहा है इन बच्चों के नाम पर संस्था संचालक सरकार की तिजोरी से लूटकर रहे थे। राज्य के बाल सुधार गृहों में जब महिला व बाल कल्याण विभाग ने बायोमेट्रिक सिस्टम लागू किया तो पाया गया कि ७४ हजार बालकों का पंजीकरण ही बोगस है। बायोमेट्रिक लागू करने से पहले ९५ हजार बालकों का पंजीकरण था। बाल सुधार गृहों में आधार और पहचान पत्र अनिवार्य करने के बाद बालकों की संख्या मात्र २१ हजार रह गई है। राज्य में कुल १,१५३ बाल सुधार गृह हैं जिसमें २१६ बंद पाए गए। जिन बाल सुधार गृहों ने बायोमेट्रिक नहीं किया सरकार ने उन सुधार गृहों को आर्थिक अनुदान देना बंद कर दिया है। राज्य में कुल ९६३ सुधार गृहों को सरकार की तरफ से अनुदान मिलता है। महिला व बाल कल्याण समिति ने कुछ सुधार गृहों की जांच की, जिसमें सामने आया कि यहां बालकों को नियम के अनुसार प्रवेश नहीं दिया जाता।

## संपादकीय

### बढ़ती आबादी की उलझन

आबादी का गणित हमेशा से दुनिया को बदलता रहा है। लेकिन इसकी मौजूदा चुनौतियां ज्यादा बड़ी हैं। खासकर इसलिए भी कि पर्यावरण का बदलाव ऐसे दौर की ओर जाने लगा है,



जिसके बारे में माना जा रहा है कि संसाधन लगातार कम हो सकते हैं, और सबसे बड़ी दिक्कत है कि खाद्य संकट काफी उग्र रूप में सामने आ सकता है। ऐसे दौर में, संयुक्त राष्ट्र ने विश्व आबादी पर अपनी जो ताजा रिपोर्ट पेश की है, वह कई तरह की चिंताएं पैदा करती है और कई तरह के खतरों की ओर भी इशारा करती है। अगर हम सिर्फ भारत के आंकड़े ही लें, तो यह रिपोर्ट बताती है कि अगले ३० साल में हमारे देश की आबादी लगभग दोगुनी होने जा रही है। अभी यह आबादी एक अरब, ४० करोड़ के आस-पास है, जो इस सदी के उत्तराद्र्ध के शुरू होने तक दो अरब, ७० करोड़ की संख्या को पार कर चुकी होगी। जहां तक दुनिया की सबसे बड़ी आबादी होने का मामला है, तो यह काम हम अगले आठ साल में ही कर लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष २०२७ तक भारत आबादी के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। इन आंकड़ों के साथ जो चिंताएं जुड़ी हुई हैं, वे परेशान करने वाली हैं।

यह सवाल हमेशा से उठाया जाता रहा है कि देश की बहुत सी समस्याएं उसकी अधिक आबादी के कारण हैं या उसकी प्रशासनिक विफलता के कारण। अब जब हम चीन को पीछे छोड़ने की तरफ बढ़ रहे हैं, तो इस मामले में हमें चीन की ओर देखना होगा। पिछले कुछ समय में चीन ने अपने यहां गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से निपटने की कोशिश की है और बहुत बड़ी कामयाबी भी हासिल की है। चीनी शासन तंत्र की अपनी कई समस्याएं हो सकती हैं और शायद वह भी अभी इन समस्याओं से पूरी तरह मुक्त नहीं हुआ है, लेकिन भारत में जो हुआ है, उसके मुकाबले चीन की सफलता काफी बड़ी है। चीन ने पिछले कुछ दशक में ऐसा आर्थिक तंत्र खड़ा किया है, जिसमें उसने अधिक आबादी को अपनी कामयाबी का आधार बना लिया। इतना ही नहीं, चीन को यह भी पता है कि आबादी अगर और बढ़ी, तो यह बहुत बड़ी बाधा भी बनेगी, इसलिए उसने इसे नियंत्रित करने के लिए भी एड़ी-चोटी का दम लगा दिया है। चीन की तरह ही हमें भी तेजी से आगे बढ़ने का अपना रास्ता निकालना होगा। जरूरी यह भी है कि यह रास्ता आधुनिक हो, देश-समाज को आगे ले जाने वाला हो, पीछे धकेलने वाला नहीं। हमारे लिए गरीबी-बेरोजगारी ही नहीं, इनसे जन्मी कुपोषण जैसी समस्याएं भी बहुत बड़ी हैं।

हालांकि विश्व के संदर्भ में देखें, तो दुनिया में कई ऐसे देश भी हैं, जहां समस्या भारत से कहीं ज्यादा गंभीर है। खासकर नाइजीरिया जैसे देशों में, जहां आबादी की वृद्धि दर इस समय सबसे ज्यादा है। इस सदी का उत्तराद्र्ध शुरू होने पर पूरी दुनिया में ऐसे कई देश होंगे, जिनकी आबादी एक अरब का आंकड़ा पार कर चुकी होगी। और ये सारे वे देश होंग, जिनकी तरक्की की रफ्तार बहुत धीमी है। इनमें से कुछ के पास तो अभी ही अपनी आबादी का पेट भरने के संसाधन नहीं है और निकट भविष्य में वहां कोई बड़ी उम्मीद भी नहीं दिखती। ऐसे संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं रहते, उनका दबाव पूरी दुनिया को महसूस होता है। इसलिए अब ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ती आबादी के बीच पूरी विश्व व्यवस्था के लिए नए ढंग से सोचने का वक्त आ गया है।

## शादी से नाखुश होकर मायके से भाग रही विवाहिता से गैंगरेप

**शादी** से नाखुश होकर मायके से भाग कर पटना पहुंची विवाहिता (१९ वर्ष) के साथ राजेन्द्र नगर पुल के नीचे दो युवकों ने गैंगरेप किया। पीड़िता की शिकायत पर कदमकुआं पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित दो युवकों समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दिए गए बयान में विवाहिता ने बताया है कि पकड़ा गया तीसरा युवक उसे बचाना चाह रहा था लेकिन उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस पकड़े गए तीसरे युवक से भी पूछताछ कर रही है। पीड़िता के अनुसार घटना मंगलवार की रात करीब डेढ़ से दो बजे की है। मायके से भागने के बाद वह मुम्बई जाने के लिए रात के बारह बजे ट्रेन पकड़ने राजेन्द्र नगर रेलवे स्टेशन पहुंची थी। लेकिन उसके पहुंचने के पहले ट्रेन छूट चुकी थी। दूसरी ट्रेन के इंतजार में वह जंक्शन के आसपास ही भटक रही थी। उसे अकेली देख ई-रिक्शा चालक दीपक ने कहा कि अकेले कहां जाओगी। वह ई-रिक्शा पर बैठाकर मुझे अपने घर ले जाने लगा। इतने में दो युवक छोटू और रंजीत पीछे पड़ गए। इन दोनों युवकों ने पहले ई-रिक्शा चालक दीपक से मारपीट की। बाद में मुझे उठाकर



राजेन्द्र नगर पुल के नीचे ले गए। इसके बाद दोनों ने एक ठेले पर मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों मुझे राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहे थे। इतने में दीपक ने आरपीएफ को घटना की जानकारी दे दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से आरोपित पकड़े गए। आवेदन देने पर कदमकुआं थाने में गैंग रेप की प्राथमिकी दर्ज की गई। तीनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। नालंदा निवासी गैंगरेप पीड़िता की शादी १८ मई २०१८ को हुई थी। पीड़िता की ससुराल पटना में है। शादी के बाद वह महज छह महीने ही ससुराल में रही थी। वह शादी से खुश नहीं थी। इसके चलते ही वह नालंदा स्थित मायके से भागकर पटना चली आई। माता-पिता हमेशा ससुराल जाने की बात करते थे, इससे नाराज होकर वह १६ जून को मायके से भी भाग गई। मायके से आने के बाद कदमकुआं के अमरुदी गली में एक अनजान महिला के घर रह रही थी। १७ जून की रात को मुम्बई भागना चाहती थी, लेकिन इससे पहले उसके साथ शर्मनाक घटना घटित हो गई। विवाहिता के गायब होने की रिपोर्ट लड़की के पिता ने १७ जून को थरथरी थाने में दर्ज करायी थी। लड़की १६ जून को घर से निकली थी।

कदमकुआं पुलिस ने विवाहिता द्वारा दिये गए बयान का हवाला देते हुए उसकी उम्र १६ वर्ष दर्ज की है। बयान में पीड़िता २०१७ में ही मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। हिन्दुस्तान संवाददाता ने रेप पीड़िता के वास्तविक उम्र का पता करने के लिए बिहारशरीफ के थरथरी थाना प्रभारी से गुमशुदगी रिपोर्ट के बारे में जानकारी मांगी। इसमें थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट में विवाहिता की उम्र १९ वर्ष दर्ज करायी गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि कदमकुआं पुलिस को पीड़िता ने किस दबाव में अपनी उम्र कम बतायी? वहीं पीड़िता की उम्र कम करने की वजह भी सवालों के घेरे में है।

## जब मायके आकर बेटी ने कुदाल से वार कर पिता को उतार दिया मौत के घाट...

**उत्तराखंड** के बड़कोट के तियां गांव में इकलौती बेटी ने कुदाल से वार कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। राजस्व पुलिस ने आरोपी लड़की को गिरफ्तार कर लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राजस्व पुलिस ने बताया कि रात को किसी बात पर विवाद होने पर बेटी ने वारदात को अंजाम दिया। राजस्व पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़कोट तहसील के अंतर्गत तियां गांव निवासी त्रेपन लाल की बेटी कविता पिता के यहां तियां गांव आई हुई थी।

सोमवार रात को उसका अपने पिता से किसी बात पर झगड़ा हुआ। झगड़े के दौरान लड़की ने अपने पिता के सिर पर कुदाल से वार कर दिया। जिससे त्रेपन लाल (५२ वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। हल्ला होने पर गांव वाले एकत्र हो गए। घटना की सूचना तुरंत राजस्व विभाग को दी। मंगलवार को राजस्व पुलिस गांव में पहुंची और त्रेपन लाल के परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। आरोपी लड़की को देर शाम बड़कोट तहसील लाया गया। उससे घटना के कारणों पर पूछताछ की जा रही है। बड़कोट एसडीएम अनुराग आर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला है। उन्होंने बताया कि आरोपी कविता का कसलना गांव में ससुराल है, जो अपने पिता के यहां तियां गांव में अपने मायके आई हुई थी। बताया जा रहा है आरोपी कविता मायके में लगने वाले देवराणा मेले के लिए सोमवार को मायके आई थी। आरोपी त्रेपन लाल की इकलौती संतान है। बाप-बेटी के बीच किस बात को लेकर झगड़ा हुआ इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## पशि्चम बंगाल में एक और BJP कार्यकर्ता की हत्या, भाजपा बोली- ये इतिहास का काला दौर

**लोकसभा** चुनाव के नतीजे आने के तीन सप्ताह गुजर जाने के बाद भी पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हत्याओं का सिलसिला जारी है. पश्चिम बंगाल के के कूच बिहार जिले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की युवा शाखा के कार्यकर्ता की मंगलवार को हत्या कर दी गई. समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक मृतक शख्स का नाम आनंदपाल है. बीजेपी ने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को हत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है. बीजेपी ने आनंदपाल की फोटो ट्विटर अकाउंट पर जारी की है. इसमें अधेड़ से दिखने वाले इस शख्स के गले में गहरा जख्म नजर आ रहा है. इस शख्स के कपड़े फटे हैं और हाथ पर जख्म के कई निशान है. ये तस्वीर इतनी वीभत्स है कि हम उसे यहां नहीं डाल सकते हैं.



बीजेपी ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में लिखा, 'भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता २८ वर्षीय आनंद पाल की मंगलवार को कूच बिहार जिले के नताबारी इलाके में तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने बेरहमी से हत्या कर दी.' इसमें आगे कहा गया, 'क्या (मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी में कोई दया नहीं है? यह बंगाल के इतिहास का सबसे काला दौर है.' आनंदपाल के बड़े भाई गोविंद पाल ने कहा कि उसका भाई पहले टीएमसी का कार्यकर्ता था, बाद में वह बीजेपी में आ गया था. हालांकि तृणमूल कांग्रेस मृतक को अपना पार्टी कार्यकर्ता बता रही है. मंगलवार सुबह को अपने घर से तीन किलोमीटर दूर एक तालाब के पास से आनंदपाल का शव बरामद हुआ था.

कुछ ही दिन पहले, बीजेपी ने दावा किया कि एक अन्य पार्टी कार्यकर्ता सरस्वती दास की बंगाल के बशीरहाट में हत्या कर दी गई थी. यह घटना उत्तर २४ परगना जिले के संदेशखली में तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों के बाद हुई जहां कम से कम ३ बीजेपी और एक तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता मारे गए थे. पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के पहले राजनीतिक हिंसा तो हुई ही, चुनाव नतीजों के बाद भी टीएमसी और बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है. बीजेपी और टीएमसी एक दूसरे पर पश्चिम बंगाल में हिंसा को भड़काने का आरोप लगा रही है.

## दिल्ली के मुखर्जी नगर कांड का असली गुनहगार

**दिल्ली** के मुखर्जी नगर में ऑटो चालक सरबजीत की पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है. लेकिन इस मामले का एक पहलू और भी है और वो ये कि सरबजीत जब किरपाण हाथ में लहरा रहा था, तब एक को छोड़ कर बाकी सभी पुलिस वाले डर कर दूर हट गए थे. वो एक अकेला पुलिसवाला सरबजीत से उलजा हुआ था. उसके हाथ से किसी तरह किरपाण छुड़ाना चाहता था. जबकि बाकी पुलिस वाले दूर छिटक रहे थे. कायदे से देखें तो सादी वर्दी में ही सही उस वक्त वही अकेला पुलिसवाला अपना फर्ज़ निभा रहा था. रविवार से ही इस घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर बुरी तरह से वायरल है. हर कोई इन तस्वीरों की बात कर रहा है. कोई पुलिसवालों को, तो कुछ सरबजीत को इस पूरी वारदात के लिए दोषी ठहरा रहा है. मगर तस्वीरों को झुठलाया भी नहीं जा सकता. ये सच है कि पुलिसवालों ने सरबजीत को बुरी तरह से पीटा. मगर ये भी सच है कि सरबजीत ने सरेआम नंगी तलवार लहराई. खासकर दिल्ली पुलिस के योगराज शर्मा पर, जो उस वीडियो में सादी वर्दी में नज़र आ रहे हैं. योगराज ही अकेले थे जो खुलेआम नंगी तलवार लहराने वाले सरबजीत से लोहा लेते रहे. उस वीडियो को फिर से आप देखेंगे तो साफ समझ आ जाएगा कि कैसे योगराज शर्मा ने अपनी जान की परवाह किए बिना सरबजीत को पकड़ा. जबकि उनके बाकी साथी जो हाथों में डंडे लिए हुए हैं. सरबजीत



से कई फीट दूर ही खड़े हैं. योगराज निहत्थे होने के बावजूद सरबजीत को जकड़ने की कोशिश करते हैं. मगर ये खुद को उनके चंगुल से छुड़ाकर ज़मीन पर गिर चुकी अपनी तलवार को उठाता है और योगराज की तरफ दौड़ने लगता है. उन पर पूरे ज़ोर से अपनी तलवार से पहले पैर पर और फिर अगला वार उनके सिर पर करता है. ज़ख्मी होने के बावजूद योगराज अपनी जान की परवाह किए बिना सरबजीत को लगातार रोकने की कोशिश कर रहे हैं. बाकी पुलिसवाले अभी भी उसके हाथ में तलवार देखकर अपने ही साथी को बचाने में घबरा रहे हैं. मगर योगराज हार नहीं मान रहे हैं और लगातार ड्राइवर सरबजीत के हाथ से तलवार छुड़ाने की कोशिश में लगे हैं. इस कोशिश में वो ज़ख्मी भी हो जाते हैं. वीडियो वायरल होने के बाद इस पूरी वारदात ने अब एक अलग ही रंग ले लिया. तस्वीरें देखने के बावजूद लोगों ने इसे धार्मिक मामला बना दिया. कभी मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन तो कभी शालीमार पुलिस स्टेशन पर जमकर कोहराम मचाया. यहां तक की लोगों ने दिल्ली पुलिस के एसीपी केजी त्यागी को भी नहीं बख्शा. कुछ तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि कैसे भीड़ एसीपी केजी त्यागी को अकेला पाकर उन पर टूट पड़ती है. वीडियो में कई लोग उनको घेरे दिख रहे हैं. इससे पहले सोमवार रात को भी सरबजीत के मामले को लेकर लोगों ने काफी हंगामा किया था. जिसके बाद डीसीपी को इस मामले से जुड़े ३ पुलिस वालों को सस्पेंड करना पड़ा था. और अब फिलहाल दिल्ली पुलिस ने इस मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया है. इस मामले में दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज कराई गई है.

दिल्ली पुलिस ने सरबजीत और उसके १५ साल के बच्चे को जिस तरह पीटा वो गलत है, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि गलती सरबजीत की थी. उसे पुलिसवालों पर तलवार से हमला नहीं करना चाहिए. लेकिन इस लड़ाई को हमारे नेताओं ने एक तीसरे खेमे में भी बांट दिया है.

## मेट्रो परिसर में ही महिला पर करने लगा 'गंदी हरकत', जानें पूरा मामला

**गुड़गांव** में एक महिला ने आरोप लगाया कि हुडा सिटी सेंटर पर अज्ञात व्यक्ति ने उस पर हस्तमैथुन किया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिला ने एक ट्वीट में कहा कि यह घटना १४ जून को रात नौ बजकर ३० मिनट पर उस समय हुई जब वह हुडा सिटी सेंटर स्टेशन परिसर के भीतर एक कपड़े के स्टोर से बाहर निकल रही थी।

महिला ने एक ट्वीट में दावा किया, मैं स्टोर के बाहर स्थित एक एस्केलेटर से उतर रही थी तभी मैंने अपने पीछे कुछ महसूस किया। जब मैं पलटी तो देखा कि एक व्यक्ति मेरे पीछे कुछ हरकतें कर रहा है और मुझे महसूस हुआ कि वह हस्तमैथून कर रहा है। महिला ने दावा किया कि उसने आरोपी को थप्पड़ मारा और मदद के लिए चिल्लाई लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए नहीं आया और आरोपी वहां से भाग गया। उन्होंने आरोप लगाया कि निकट की पुलिस चौकी बंद थी जबकि जो पुलिसकर्मी कुछ दूरी पर थे, वह ऑटो चालक के साथ व्यस्त थे।

## एक के बाद एक कई फोन कॉल और फिर लड़की ने उठाया जीवन का 'आखिरी' कदम

**झारखंड** के रांची मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम फाइनल ईयर की २४ वर्षीय छात्रा संगीता कुमारी ने सोमवार की रात बोकारो के गोड़ा बालीडीह स्थित आवास में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक लड़की के पिता जगदंब लाल सिंह के बयान पर बालीडीह पुलिस ने मंगलवार को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जरीडीह के प्रभात कुमार मिश्रा और प्रीति नामक युवती को आरोपी बनाया गया। बयान के अनुसार पीड़िता की बेटी रांची मारवाड़ी कॉलेज में बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा थी। दोनों आरोपियों की प्रताड़ना से तंग आकर वह बोकारो अपने घर में रह रही थी। आरोपी फोन कर लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। उनकी हरकत का छात्रा लगातार विरोध कर रही थी, परंतु लोक-लज्जा के कारण उसने किसी को बात नहीं बताई। १७ जून को भी आरोपी का फोन आया, जिससे वह काफी परेशान थी। रात में खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह फंदे से लटकी पाई गई। बालीडीह थानेदार राजीव कुमार ने कहा कि बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मोबाइल का कॉल डिटेल्स पुलिस अनुसंधान का आधार होगा। कोर्ट के आदेश पर मृतका और आरोपियों के मोबाइल के कॉल डिटेल्स निकाले जाएंगे।

## २०१९ में अब तक रेबीज के ३६,४३१ मामले आए सामने

**मुंबई** ; मुंबई में इस वर्ष (२०१९) अबतक रेबीज संक्रमण के ३६,४३१ मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि, रेबीज के टीकों की राज्य में कोई कमी नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा में शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी गई। रेबीज संक्रमण सामान्यतया कुत्ते के काटने से होता है। राज्य के शहरी विकास मंत्री योगेश सागर ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि जनवरी में रेबीज के ७,३७८ मामले, फरवरी में ४,६६४ मामले, मार्च में ८,०३६ मामले, अप्रैल में १०,६४० मामले और मई में ५,७१३ मामले सामने आए हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि १० जनवरी से २० जनवरी तक रेबीज के टीकों की आपूर्ति में थोड़ी सी कमी आई थी, लेकिन इसका कारण गुणवत्ता थी। हालांकि, अभी इस टीके की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति करने वाले ठेकेदार को आपूर्ति में देरी के लिए दंडित किया गया है।


### आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

### Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक** - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# कोस्टल रोड शुरू भी नहीं हुआ, लागत १,००० करोड़ रुपये बढ़ी

**मुंबई :** मुंबई के महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट कोस्टल रोड का निर्माण अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन इस परियोजना की लागत में १००० करोड़ रुपये का इजाफा हो चुका है। बताया जा रहा है कि परियोजना के निर्माण में १० महीने की देरी के कारण लागत बढ़ी है। अगर परियोजान का काम शुरू होने में और देर हुई, तो खर्च और भी बढ़ सकता है। परियोजना की लागत १००० करोड़ रुपये बढ़ने के बाद सरकार की नींद टूटी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को विधान परिषद में कहा कि १०० करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में आने वाली अड़चनों को तीन महीने में दूर करने के लिए एक अलग प्राधिकरण बनाया जाएगा।



**कोस्टल रोड पर चर्चा**

बुधवार को विधान परिषद में कांग्रेस विधायक अनंत गाडगील, भाई जगताप, राहुल नार्वेकर, आनंद ठाकुर व अन्य सदस्यों ने कोस्टल रोड से संबंधित सवाल उठाया था। सदस्यों के पूछे सवालों का जवाब देते हुए शहरी विकास राज्य मंत्री योगेश सागर ने कहा कि कोस्टल रोड निर्माण से संबंधित सभी आवश्यक अनुमतियां केंद्र सरकार से मिल गईं हैं। योजना से प्रभावित होने वाले कोलीवाडा और मछलीमारों की समस्याओं का हल किया जाएगा। इस पर सदस्या सहमत नहीं हुए। इस पर मुख्यमंत्री ने सदस्यों से प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि पहले यह मामला मुंबई हाई कोर्ट में गया। जिसके खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट गई। इसके देरी हुई हुई। इस वजह से परियोजना की लागत बढ़ गई। उन्होंने कहा कि परियोजना की लागत प्रतिदिन बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतरीन प्रॉजेक्ट है। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री जब भारत दौरे पर आए थे, तब उन्हें कोस्टल रोड का एक प्रजेंटेशन दिखाया था। उन्होंने इसकी खूब सराहना की थी।

**प्राकृतिक आपदाओं से बचाएगा**

मुंबई कोस्टल रोड परियोजना का फायदा बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुंबईकरों को सुनामी आदि प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में कोस्टल रोड कारगर साबित हो सकता है। कोस्टल रोड से मुंबई शहर को सुनामी से भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके अलावा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में कोस्टल रोड कारगर साबित हो सकता है। साथ ही, पर्यटकों के लिए भी कोस्टल रोड आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने सदन को बताया कि मरीन ड्राइव से कांदिवली के बीच २९ किमी इसकी कुल दूरी है। परियोजना से प्रभावित कोलीवाड़ा में रहने वाले बड़ी संख्या में कोली समाज को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। सदस्यों के सवाल के जबाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोली समाज व मच्छीमार जो परियोजना से प्रभावित होंगे, उनको मुआवजा दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनका पुनर्वसन किया जाएगा। भूमिगत मेट्रो के काम के बारे में कई लोग अदालत चले जाते है। इस तरह से परियोजना प्रभावित नहीं हो इसके लिए सरकार क्या कदम उठा रही है। इस सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि १०० करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में आने वाली अड़चन को तीन महीने के अंदर दूर किया जाएगा। इसके लिए विधि व न्याय विभाग से सलाह मशविरा करके निर्णय लिया जाएगा। योजना से प्रभावित मछलीमारों को मुंबई ट्रान्स हार्बर लिंक रोड की तर्ज पर मुआवजा दिया जाएगा, पुनवर्सन किया जाएगा।

# अब कोई समस्या हो तो बीएमसी को ट्वीट करो, मिनटों में होगी हल

**मुंबई :** सड़क से गुजरते हुए आपको कचरे का ढेर दिखाई पड़ जाए या गटर का पानी सड़क पर बहता मिले। आपको मात्र उसका एक फोटो क्लिक कर उसे बीएमसी को ट्वीट करना है। इसके बाद प्रशासन उसे तुरंत संबंधित विभाग को भेजकर समस्या का समाधान करा रहा है। सोमवार को इस संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वॉर्ड को अपना ट्विटर हैंडल बनाने को कहा गया है। अगले कुछ दिनों में बीएमसी के तमाम विभाग ट्विटर पर दिखाई देने लगेंगे। कमिश्नर प्रवीण परदेशी के पदभार संभालने के बाद से बीएमसी के सभी विभागों को ट्विटर पर बेहद सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है। अखबारों में बीएमसी के संदर्भ में प्रकाशित खबरों का तत्काल



संज्ञान लेने को भी कहा गया है। एक अधिकारी ने कहा कि अब तक ट्विटर पर आने वाली शिकायतें हम आंतरिक माध्यम से संबंधित वॉर्ड को भेज रहे हैं। अब ट्विटर पर ही उसे आगे बढ़ा दिया जाएगा, जिससे कम समय में काम को अंजाम दिया जा सकेगा। अब तक बीएमसी से जुड़ी शिकायतों के लिए फोन करना होता था या फिर वॉर्ड में जाकर शिकायत करनी पड़ती थी। इस प्रक्रिया में ज्यादातर लोग जाने से बचना चाहते थे। बीएमसी ट्विटर पर तो थी लेकिन कोई खास सक्रियता नहीं थी। अब समस्याओं के ट्वीट आते ही बीएमसी की ओर से कुछ ही मिनटों में उसका संज्ञान लिया जाता है। यथासंभव वह समस्या कुछ ही घंटों में हल भी कर दी जाती है। बीएमसी के सीमा क्षेत्र में न जाने पर संबंधित एजेंसी की जानकारी भी ट्विट करने वाले को दे दी जाती है। इससे पहले ट्विटर पर बीएमसी की सक्रियता न होने से लोगों को काफी दिक्कतें पेश आती थीं। बीएमसी के इस कदम से अचानक ही बुनियादी सेवाओं में असमर्थ रहने के चलते लोगों के गुस्से का शिकार होने वाली बीएमसी की तारीफ होने लगी है। ट्विटर पर भी समस्या के समाधान की जानकारी मिलने पर लोग प्रशासन को बधाई दे रहे हैं। फिलहाल, ज्यादातर ट्वीट का समाधान बीएमसी के डिजास्टर हैंडल से किया जा रहा है। बीएमसी ट्विटर हैंडल करने के लिए एक पूरी टीम नियुक्ति करना चाहती है। इस संदर्भ में जल्द ही टेंडर निकाले जाएंगे। ट्विटर पर आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए हर विभाग के एक अधिकारी की नियुक्ति होगी। जो कि सोशल मीडिया से आने वाली शिकायतों का अपने विभाग के माध्यम से समन्वय करेगा।

# मुंबईः सड़क पर नींबू पानी और शरबत पीने वाले हो जाएं सावधान

**मुंबई :** सड़क पर बिकने वाले नींबू पानी और शरबत बीएमसी द्वारा करवाए गए टेस्ट में दूषित पाए गए हैं।

प्रदूषित बर्फ के इस्तेमाल होने से गन्ने का जूस पीना भी सेहत की दृष्टि से खतरनाक साबित हुआ है। रेल पटरियों से सटकर उगाई जा रहीं साग-सब्जियों के सैंपल भी जांच के लिए भेजे गए हैं। उनकी रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन अन्न और औषधि मंत्री जयकुमार रावल ने साफ किया है कि रेलवे की जमीन पर प्रदूषित पानी से उगाई जानेवाली सब्जियों पर रोक लगा दी जाएगी। बुधवार को विधानसभा में कांग्रेस के अमित देशमुख ने मुंबई में सड़क किनारे बेचे जाने वाले नींबूपानी, शरबत, गन्ने के जूस का मामला उठाया। दूषित पानी से रेट पटरियों के किनारे उगाई जा रही सब्जियों और डोंबिवली में रसायन फैक्टरियों से निकलने वाले दूषित पानी का इस्तेमाल कर उगाई गई सब्जियों के बारे में उन्होंने कहा कि यह आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

इस बीच एनसीपी नेता अजित पवार ने कहा कि जिस तरह सरकार मिलावटी दूध के मामले में दोषी के लिए उम्र कैद की सजा का प्रावधान करने की सिफारिश केंद्र से कर चुकी है, उसी तरह मिलावटी खाना और जूस बेचने वालों के लिए भी उम्रकैद की सजा का प्रावधान हो। अन्न और औषधि मंत्री जयकुमार रावल ने स्वीकार किया है कि सदन में उठाई जा रही समस्या सही पाई गई है। इस साल १ अप्रैल से १५ मई के बीच मुंबई के ८,०१२ फेरीवालों पर कार्रवाई कर २१,४६३ किलो खाद्य पदार्थ, ३,६५४ लीटर शरबत और १,१६,८२३ किलो दूषित बर्फ जब्त कर नष्ट की गई। उन्होंने कहा कि फेरीवालों के पास से दूषित खाद्य पदार्थ व पेय पदार्थ नियमित रूप से जब्त किए जा रहे हैं। बीएमसी के स्वास्थ्य विभाग ने नींबूपानी में उपयोग होनेवाले पानी और बर्फ की जांच के लिए २८० सैंपल लिए थे। इनमें से २१८ सैंपल दूषित पाए गए। इसी तरह गन्ने के रस में उपयोग में आने वाली बर्फ के ३०३ सैंपल में से २६८ सैंपल तथा अन्य बर्फ के ३८५ सैंपल में से ३०० सैंपल दूषित पाए गए हैं।

# जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन चार महीने बढ़ाने की मांग

**मुंबई :** कर एवं कानूनी सलाहकारों के निकाय ने २०१७-१८ का जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए दी गई तीन महीने की समय सीमा को लेकर बुधवार को शिकायत की। संगठन ने कहा कि सैकड़ों संशोधनों, अधिसूचना और परिपत्र ने अधिनियम को बहुत जटिल बना दिया है। संगठन ने जीएसटी की इस पहली वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा को कम से कम चार महीने आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। टैक्स बार एसोसिएशन के अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने नियमों और कर में सैकड़ों बदलाव किए हैं, जिसने पूरी जीएसटी प्रक्रिया और रिटर्न फाइल करने को बहुत भ्रामक बना दिया है। इस संगठन में ४०० से ज्यादा चार्टर्ड अकाउटेंट, कंपनी सेक्रेटरी और कर सलाहकार शामिल हैं। टैक्स बार एसोसिएशन (टीबीए) के अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया ने संवाददाता सम्मलेन में कहा कि सरकार ने २०१७-१८ के लिए जीएसटी वार्षिक रिटर्न फार्म ९, ९ ए और ९ सी मार्च २०१९ में ऑनलाइन और अप्रैल २०१९ में ऑफलाइन उपलब्ध कराया है। इन्हें समझने और फाइल करने के लिए सिर्फ तीन महीने का समय दिया गया है। करदाताओं और सलाहकारों को जुलाई २०१७ से जीएसटी लागू होने के समय से अब तक सरकार की ओर से जारी स्पष्टीकरण और संशोधन को भी ध्यान में रखना होगा। सिंघानिया ने २०१७-१८ के लिए जीएसटीआर -९, ९ ए और जीएसटीआर-९ सी दाखिल करने की निर्धारित तिथि को कम से कम चार महीने बढ़ाकर ३१ अक्टूबर २०१९ करने का आग्रह किया है। सिंघानिया ने सुझाव दिया कि वार्षिक रिटर्न को सही तरीके से दाखिल करने के मामले में मासिक अथवा तिमाही रिटर्न में एक बारगी संशोधन काफी अहम जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि २०१७-१८ और २०१८-१९ के लिए जीएसटीआर ९, ९ए और ९सी की वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की तिथि को एक साथ अधिसूचित किया जाना चाहिए ताकि दोनों वर्ष के लिए एक साथ बेहतर समन्वय बिठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इससे अनुपालन बेहतर ढंग से हो पाएगा और विशेषकर लघु एवं मझोले उद्यमों के मामले में इससे मदद मिलेगी। छोटे उद्योगों को जीएसटी लागू होने के बाद लेखा-जोखा रखने की जरूरत बढ़ी है।

## सीपीआईएम नेता के बेटे पर रेप, धोखाधड़ी का आरोप

**मुंबई :** सीपीआईएम की केरल इकाई के सचिव के बेटे के खिलाफ मुंबई की एक महिला ने बलात्कार और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। महिला ने यह भी कहा है कि दोनों के एक संतान भी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि ३३ वर्षीय महिला ने अपनी शिकायत में माकपा की केरल इकाई के सचिव कोदियेरी बालकृष्णन के बेटे बिनोय विनोदिनी बालकृष्णन पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, 'शिकायतकर्ता ने कहा कि उनका एक बच्चा भी है।' ओशिवारा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शैलेश पासवान ने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा ४२० और ३७६ के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बिजली कनेक्शन न मिलने से परेशान किसान ने मंत्री के सामने

**मुंबई :** महाराष्ट्र के ऊर्जा राज्य मंत्री एमएम येरावर के सामने एक किसान ने जहर पीकर जान देने की कोशिश की। किसान का आरोप है कि उसके दादा ने १९८० में बिजली के कनेक्शन के लिए अप्लाई किया था लेकिन उन्हें अब तक कनेक्शन नहीं मिला है। किसान की पहचान ईश्वर खारटे के रूप में हुई। फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनका कहना है कि लगातार प्रयास के बावजूद उनके कनेक्शन नहीं मिला है। वहीं अधिकारी का कहना है कि ईश्वर ने बकाया जमा नहीं किया है इसलिए उसे कनेक्शन नहीं मिला है। मामला १५ जून का है। महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा राज्य मंत्री मंच पर मौजूद थे।



तभी ईश्वर ने वहां सबके सामने कीटनाशक पीकर जान देने की कोशिश की। उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के बेड से ईश्वर ने बताया, 'मैंने जिला प्रशासन को इस बारे में बताया था कि मैं आत्महत्या कर लूंगा लेकिन उन्होंने हमारी समस्या पर कतई ध्यान नहीं दिया। इसलिए मैंने मंत्री के सामने जहर पी लिया।' वहीं बुलढाणा बिजली विभाग के अधिकारी दीपक देवहाटे ने बताया, 'श्रीराम खारटे ने १९८० में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, उनकी मौत हो गई। २००६ में हमने ईश्वर को एक डिमांड नोट भेजा था लेकिन वह इसके लिए बिल जमा करने में असफल रहे। अगर वह बकाया जमा करते हैं तो उन्हें कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा।'

# नहा रहा था पति, पत्नी ने फांसी लगाकर दे दी जान, पति गिरफ्तार

**मुंबई :** दिंडोशी पुलिस ने महिला को आत्महत्या करने के लिए उकसाने के आरोप में उसके डांसर पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए २४ साल के आरोपी का नाम राज विश्वकर्मा है, जो अंधेरी स्थित एक डांस स्कूल में टीचर है। राज की शादी नेपाल की रहने वाली रूपा हीने (२२) से हुई थी। प्रथमदृष्टया इसकी वजह पारिवारिक माहौल खराब होना बताई जा रही है। बहरहाल, दिंडोशी पुलिस रूपा की बहन की शिकायत के आधार पर राज के खिलाफ रूपा को खुदकुशी करने के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। घटना की जांच जारी है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार, राज की मुलाकात अंधेरी में काम करने वाली रूपा से कुछ महीने पहले हुई थी। दोनों नेपाल के रहने वाले हैं। करीब डेढ़ महीने पहले दोनों मुंबई से नेपाल गए और वहां परिवार के विरोध के बावजूद शादी कर ली और एक साथ रहने लगे। नेपाल में दोनों एक सप्ताह रहे, फिर वहां से पंजाब में रिश्तेदार के पास गए, जहां एक हफ्ता बिताने के बाद मुंबई आए और मालाड (पूर्व) में किराए के एक फ्लैट में रहने लगे। बताया जा रहा है कि यहां करीब एक सप्ताह भी नहीं हुआ था कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन होने लगी। पड़ोसियों के अनुसार, रूपा अक्सर राज के चरित्र पर संदेह करती थी और इसी बात को लेकर उससे सवाल-जवाब किया करती थी। राज अंधेरी के एक डांस स्कूल में काम करता था, जहां काफी संख्या में लड़के-लड़कियां डांस सीखने के लिए आया करती थीं।पुलिस के अनुसार, १२ जून की रात करीब साढ़े ८ बजे राज नहाने के लिए बाथरूम गया हुआ था। बताया जा रहा है कि उस दौरान रूपा ने राज के मोबाइल में कुछ संदिग्ध चीज देख ली, जिसके बाद वह गुस्से में आकर राज के बाथरूम के दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटक गई। नहाने के बाद जब राज ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो वह नहीं खुला। रूपा को आवाज दी, तो जवाब नहीं मिला।

काफी आवाज देने के बाद भी जब रूपा ने दरवाजा नहीं खोला तो राज जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसकी आवाज सुनकर पड़ोसी आए और उन्होंने घर के दरवाजे को खोला तो अंदर का नजारा देखकर सन्न रह गए। पड़ोसियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले फांसी के फंदे पर झूल रही रूपा को नीचे उतारा और फिर बाथरूम का दरवाजा खोलकर राज को बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आत्महत्या करना बताया जा रहा है, लेकिन उसने उन कदम क्यों उठाया, इसकी जांच करने में दिंडोशी पुलिस जुटी हुई है। जांच दल से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि रूपा के पास से एक डायरी मिली है, जिसमें उसने जिंदगी से ऊबने और थकने की बात लिखी है। वहीं, रूपा के घरवालों का आरोप है कि राज का चक्कर किसी और लड़की से था जिसको रूपा ने प्रत्यक्ष देख लिया था। इस वजह से उसने फांसी लगाकर जान दे दी है। उसकी मौत के लिए उसका पति राज जिम्मेदार है। पुलिस सभी एंगल्स से मामले की जांच कर रही है। राज के मोबाइल फोन का रिकॉर्ड, डांस स्कूल के लोगों का बयान और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रूपा की मौत की गुत्थी को सुलझाने में जुटी हुई है।

# पापड़ के नाम पर गुटखे की तस्करी,कुरियर वाहन में लाखों का माल

**मुंबई** -कपड़े के बाद पापड़ के नाम पर गुटखे की तस्करी मुंबई में की जा रही है। यह खुलासा उस समय हुआ, जब विलेपार्ले पुलिस ने नंदन कुरियर कंपनी की गाड़ी से कुरियर पैक में लाखों रुपए का गुटखा बरामद किया। यह गुटखा वडोदरा से मुंबई तस्करी किया जा रहा था। बता दें कि विलेपार्ले पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कुरियर कंपनी के वाहन में गुटखे की तस्करी हो रहीहै। इस सूचना के बाद पुलिस ने अंधेरी परिसर में नंदन कुरियर कंपनी के पार्सल वाहन से करीब ढाई लाख रुपए का गुटखा बरामद किया। विलेपार्ले पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक अमित



होवाले ने उक्त कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि नंदन कुरियर कंपनी में पापड के ना मपर कुरियर पैक बुक किया गया था। उक्त कुरियर पैक पर वडोदरा का पता था। होवाले ने बताया कि पता आधा अधूरा होने की वजह से कुरियर के मालिक का पता नहीं चल सका है। उन्होंने उक्त पता फर्जी होने की संभावना भी जताई है। फिलहाल कुरियर कंपनी के वाहन चालक मोहम्मद हुसैन मूसा भाई को धारा ३२८, १९७, १२८, २७९ के तहत गिरफ्तार किया गया है। होवाले ने बताया कि गुटखे की तस्करी में कंपनी कहां तक जुडी है, इसकी भी जांच की जा रही है।

# मेट्रो-7 को मिली रफ्तार बिछने लगी रेल लाइन

**मुंबई :** मुंबई में मेट्रो का जाल बिछाने का काम काफी तेजी से चल रहा है। रविवार को मेट्रो निर्माणकार्य की रफ्तार और भी तेज हो गई जब जापान से आई मेट्रो लाइन बिछाने के लिए रेल पटरी मुंबई पहुंची। जापान से मंगाई गई यह पटरी एमएमआरडीए के अंतर्गत तैयार हो रहे मेट्रो-७ (अंधेरी-ईस्ट से दहिसर-ईस्ट) लाइन के लिए बिछाई जा रही है। जानकारी के अनुसार जापान से मंगाई गई रेल पटरी रविवार की सुबह मुंबई पहुंची और मेट्रो-७ के मार्ग पर रखी गई। जापान से लाई गई रेल पटरी को वडाला यार्ड से ७० फुट लंबे ट्रेलर पर लादकर नेशनल पार्क स्टेशन के पास लाया गया। यहां पहुंचने के बाद ५० टन के मोबाइल क्रेन की मदद से ३ पटरियों का एक बंडल बनाकर मेट्रो रेल मार्ग पर रखा गया। यह काम और ३-४ दिन चलेगा। सभी रेल पटरियों को एलिवेटेड रेल मार्ग पर रखने के बाद मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग मशीन से मार्ग पर स्थापित किया जाएगा। सभी रेल पटरियों को मेट्रो मार्ग पर रखने के बाद वेल्डिंग मशीनों को भी ऊपर चढ़ाया जाएगा। इसके बाद रेल मार्ग का कांक्रीटीकरण होने के बाद वेल्डिंग की गई पटरियों को बिछाया जाएगा। मेट्रो-७ की कुल लंबाई १६.५ किमी है। मेट्रो-७ के अंतर्गत कुल १४ स्टेशन हैं, इनमें दहिसर-ईस्ट, ओवरीपाड़ा, नेशनल पार्क, देवीपाड़ा, मगाठाणे, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बाणडोंगरी, पुष्पा पार्क, पठान वाड़ी, आरे महानंद, जेवीएलआर, शंकर वाड़ी, अंधेरी-ईस्ट का समावेश है। मेट्रो-७ योजना की कुल अनुमानित लागत ६,२०८ करोड़ रुपए है। इस परियोजना का ४३ से ४८ प्रतिशत फंड १.४ प्रतिशत ब्याज दर पर एशियन डेवलपमेंट बैंक दे रहा है। इस फंड को चुकाने की गारंटी महाराष्ट्र सरकार ने ली है। एमएमआरडीए ने २६ नवंबर २०१६ को दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को ३४० करोड़ रुपए मेट्रो-७ और मेट्रो-२ए लाइन के रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग, टेलीकम्यूनिकेशन वर्क के लिए उपलब्ध कराए हैं।

# मनपा अस्पतालों में मिलेगा महंगे डॉक्टरों का सस्ता इलाज

**मुंबई :** मुंबईकरों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने में मनपा हमेशा प्रयत्नशील रही है। इसी कड़ी में अब शहर के नामचीन डॉक्टरों से मनपा अस्पतालों में सस्ता इलाज कराना अब मुंबईकरों के लिए संभव हो गया है। शहर के महंगे और नामचीन डॉक्टरों की सेवा मनपा अस्पतालों को मिल सके, इस दिशा में मनपा ने कदम बढ़ाया है।बता दें कि मुंबई के करीब १५ नामचीन और महंगे डॉक्टरों की सेवा मनपा अस्पतालों में इलाज के लिए आनेवाले मरीजों के लिए लेनेवाली है। नामचीन डॉक्टर अपनी सेवा उन मनपा अस्पतालों में देंगे जो मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। इसके अलावा ये डॉक्टर उपनगरीय अस्पतालों के डॉक्टरों को मरीजों के इलाज में सहयोग करेंगे। ब्रीच कैंडी के बेरियाट्रिक सर्जन डॉ. संजय बोरुडे पहले डॉक्टर होंगे जो सायन अस्पताल से जुड़ेंगे। इसके अलावा गैस्ट्रोएंट्रॉलॉजिस्ट डॉ. अमित मायदेव, कैंसर के विशेषज्ञ डॉ. सुल्तान प्रधान, कार्डियो सर्जन डॉ. रमाकांत पांडे, बेरियाट्रिक सर्जन डॉ. मुफज्जल लकड़ावाला ने भी अपनी सेवा मनपा अस्पतालों में देने के लिए तैयारी की है। इन डॉक्टरों के मनपा अस्पतालों में सेवा देने से मरीजों की सर्जरी का खर्च जहां आधा हो जाएगा, वहीं इन डॉक्टरों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डॉक्टर भी विशेषज्ञ बन सकेंगे।

# प्रिय क्रिकेट, एक खेल बनो, कम पानी का उपभोग करो–संजय पांडे



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र सौंपते संजय पांडे

**मंजु तिवारी**

**मुंबई,** भारत में पहली बार ''पानी का अधिकार'' कानून की मांग उठाने वाले एक्टीविस्ट संजय पांडे अब क्रिकेट मैदान के रखरखाव में होने वाले पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवाज बुलंद की है। उनकी आगे की योजना हॉकी और फुटबॉल जैसे अन्य खेलों में मैदान के रखरखाव में होने वाले पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए आवाज उठाने की है।

उदाहरण के लिए, उन्होंने कहा कि एक सामान्य क्रिकेट मैदान के रखरखाव में प्रतिदिन लगभग ३,००० लीटर पानी का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कुछ क्रिकेट निकायों पर सवाल उठाए जो कथित तौर पर इस काम के लिए शुद्ध आरओ-उपचारित पानी का उपयोग करते हैं। राज्य के दर्जनों मुख्य शहरों में में कम से कम चार से पांच बड़े खेल मैदान हैं जो विशाल क्षेत्र को कवर करते हैं। २०१९ में पूरे राज्य में लगभग २९,००० गाँव सूखे की चपेट में आ गए हैं। पांडे ने कहा कि विश्वसनीय अनुमान के अनुसार, क्रिकेट मैदान के नियमित रखरखाव के लिए प्रति माह लगभग ४०,००० लीटर पानी की जरूरत होती है, इसलिए देश के सभी क्षेत्र के खेलों के लिए सभी मैदानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले पानी की कुल मात्रा अकल्पनीय होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने कुछ समय पहले बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया था कि इंडियन प्रीमियर लीग मैचों के दौरान मुंबई, पुणे और नागपुर में तीन पिचों के रखरखाव के लिए लगभग६,०००,००० लीटर पानी की आवश्यकता थी। इसके अलावा, यह भी कहा था कि हर साल आयोजित होने वाली आईपीएल श्रृंखला के दौरान मैदान के रखरखाव के लिए प्रति दिन लगभग ६०,००० लीटर पानी की आवश्यकता होती है।



महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का वितरण करने वाले संजय पांडेय

पांडे ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन और अन्य क्षेत्र के खेल निकायों से आग्रह किया कि वे पुनर्नवीनीकरण (रीसाइकिल्ड) पानी का उपयोग करें या शहर के जल संसाधनों पर बोझ को कम करने के लिए वर्षा जल संचयन प्रणालियों के माध्यम से इकट्ठा किए गए पानी का उपयोग करें। इसी तरह, उन्होंने कहा कि हॉकी, फुटबॉल और गोल्फ कोर्स जैसे अन्य खेलों के मैदान, जहां पानी की भारी मात्रा की जरूरत होती है और खेल के मैदान के आसपास रन-ऑफ क्षेत्र के लिए भी हर रोज लाखों लीटर की आवश्यकता होती है, वहां पुनर्नवीनीकृत जल (रीसाइकिल्ड) या इकट्ठा किए गए वर्षा जल पर आश्रित होना चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया में रबो बैंक एरिना, यूके में लॉर्ड्स और ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में रखरखाव के लिए पुनर्नवीनीकरण (रीसाइकिल्ड) पानी का उपयोग किया जाता है। पांडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिखा है और संकट के समय में पानी की बर्बादी के गंभीर मुद्दे पर उनका ध्यान आकर्षित करने के लिए देश के सभी क्रिकेटिंग निकायों के साथ संवाद करेंगे।

महाराष्ट्र और देश के अन्य भागों के गांवों में संजय पाण्डेयका व्यापक रूप से भ्रमण उनके लिए एक मर्मभेदी अनुभव साबित हुआ और उन्होंने राहत उपलब्ध कराने के लिए हर संभव अल्पावधि उपाय को प्रारंभ करने और इस समस्या के सिर उठाते ही इसे कुचल देने के लिए दीर्घावधि उपायों को भी तलाशने का निर्णय लिया। उनके प्रयासों ने एक संस्था अर्थात 'मुंबई वाटर वारियर्स'के रूप मेंमूर्त आकार ग्रहण किया, जिसका उन्होंने जल संरक्षण एवं उपयोग के बारे में जागरुकता का प्रसार करने के लिए हाल ही में गठन किया है। यह संस्था आगे मुंबई जैसे शहरों में बचाए गए पानी को नियमित रूप से महाराष्ट्र के अकाल प्रभावित गांवों तक पहुँचाने की योजना बना रही है। मुंबई वाटर वारियर्समें बनाई गई कार्यनीति का मुख्याधार शिक्षित करना और जागरुकता पैदा करना है। पूर्वोल्लिखित समस्या पर उनके 'एक बाल्टी पानी से क्या हो सकता है' नामक वीडियो को आवास सोसायटियों और कारपोरेट संगठनों द्वारा समान रूप से पसंद किया गय है। इस दिलचस्प वीडियो में, संजय पाण्डेय ने प्रभावशाली रूप से स्पष्ट किया है कि यदि प्रत्येक नागरिक हर रोज कम से कम एक बाल्टी पानी की बचत करे तो यह किस प्रकार ग्रामीण, अकाल प्रभावित इलाकों के लिए एक बड़ी राहत में रूपांतरित हो सकता सकता है। संजय पाण्डेय के नेतृत्व में मुंबई वाटर वारियर्स द्वारा एक महीना का अभियान बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी आयु वर्गों के बीच संदेश का प्रसार करने और आकर्षक ऑनलाइन प्रतियोगिताओं एवं ऑफ लाइन कार्यक्रमों के द्वारा सभी को प्रणबद्ध करने का प्रस्ताव भी करता है। जल मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और हम वास्तव में उम्मीद करते हैं कि सभी जिम्मेदार लोग पानी के संरक्षण और उसका बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने में जमीनी स्तर पर ठोस पहल करेंगे।

# शक्ती जनहित मंच सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था द्वारा मेडिकल सहायता राशि वितरीत







**शिवशंकर तिवारी**

**मुंबई :** शक्ती जनहित मंच सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था द्वारा दि.०८/०६/२०१९ दिन शनिवार को संस्था के माननीय अध्यक्ष महोदय श्री गंगेश्वर लाल श्रीवास्तव (संजू)जी की उपस्थिती मे मेडिकल सहायता राशि वितरीत की गई जिसमे पिडीत श्रीमती संगीता वैश्य जी को कैंसर के लिये १०,०००/रूपये का चेक उनके पती श्री फूलचन्द वैश्य को प्रदान किया गया टाटा हास्पिटल मे ईलाज चल रहा है नालासोपारा पुर्व प्रगती नगर के निवासी है , रीता गुप्ता जी को कैंसर के ईलाज के लिये उनके पती उमाशंकर जी को १०,०००/रूपये का चेक प्रदान किया गया टाटा हास्पिटल मे ईलाज चल रहा है सीताराम नगर संतोष भुवन नालासोपारा पुर्व के निवासी है, किरन मंचेकर को फैक्चर के लिये १०,००० रूपये का चेक उनके पिता जी श्री नारायण मंचेकर जी को प्रदान किया गया कृष्णा हास्पिटल नालासोपारा (प.)मे ईलाज चल रहा है श्री राम नगर बिलाल पाडा के निवासी है इस अवसर पर संस्था के मा.अध्यक्ष महोदय श्री गंगेश्वर लाल श्रीवास्तव (संजू) जी संस्था के महासचिव श्री संजय सुरेन्द्र बहादुर सिंह जी, शक्ती जनहित मंच समाचार पत्र के उपसंपादक दीपक श्रीवास्तव जी,संजय श्रीवास्तव (बब्लू) जी,वरिष्ठ पत्रकार वृजेश चौबे जी,प्रमोद उपाध्याय जी,आर.पी मौर्या जी,मोहन पान्डे जी व संस्था के अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# मोबाइल फोन चोरी के शक में दुकानदार ने युवक की पीट-पीटकर मार डाला

**दिल्ली :** रोहिणी के प्रेम नगर में मोबाइल चोरी के शक में एक युवक की पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी दुकानदार अमित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब अमित के फरार साथियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

प्रेम नगर में मेन मुबारकपुरा रोड पर आरोपी अमित की ऑटो पार्ट्स की दुकान है। १३ जून को उसकी दुकान से एक मोबाइल चोरी हो गया। उसने दुकान में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली तो उसे एक संदिग्ध लड़का दिखाई दिया। शनिवार शाम वही लड़का उसे दुकान के पास दिख गया। उसने लड़के को पकड़ने की कोशिश तो वह भागकर एक बिजली की दुकान में घुस गया। अमित ने लड़के को दुकान में ही पकड़ लिया। अमित और उसके कर्मचारियों ने लड़के को अपनी दुकान में लाकर बंधक बना लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इससे उसकी हालत खराब हो गई। जख्मी हालत में उसे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को अस्पताल से मामले की जानकारी मिली। शव पर पिटाई के निशान

# नरेला में 3 दिन से लापता बच्ची का शव बरामद, हत्या की आशंका

**दिल्ली:** उत्तरी बाहरी दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना के टिकरी इलाके में तीन दिन से लापता बच्ची का शव बरामद हुआ है. बच्ची का शव गली-सड़ी हालत में मिला है. शव पर बाहरी चोट के निशान नजर नहीं आ रहे हैं, लेकिन दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है. हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह का सही पता लगेगा. पुलिस ने फिलहाल बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. नरेला के टिकरी इलाके की ७ साल के मोहिनी दूसरी कक्षा में पढ़ती थी, गर्मियों की छुट्टियों की वजह से वह स्कूल नहीं गई थी. वह तीन दिन पहले यानी शुक्रवार को घर से अचानक गायब हो गई थी. जिसके बाद

# ये एप डाउनलोन किया तो साफ हो जाएगा बैंक एकाउंट, जानें कैसे

**खबरदार...**अपने मोबाइल में एनी डेस्क एप डाउनलोड न करें। यह एप डाउनलोड किया तो साइबर ठग आपके खाते से पूरी रकम उड़ा देंगे। आपके मोबाइल से आपके ही फेसबुक अकाउंट पर देशविरोधी पोस्ट शेयर कर सकते हैं। इसको देखते हुए क्राइमब्रांच की साइबर सेल ने शहर के लोगों को यह एप नहीं डाउनलोड करने के लिए अलर्ट जारी किया है। पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल में १५ मई से अब तक एनी डेस्क एप के जरिए ठगी के ७२ से अधिक मामले पहुंच चुके हैं। साइबर सेल के एक्सपर्ट ने बताया कि साइबर ठगों ने इन सभी मामलों में एक ही तरीका अपनाया है। वे अपने टारगेट को विश्वास में लेकर फोन में गूगल प्ले स्टोर से एनी डेस्क एप डाउनलोड कराते हैं। इस पर ९ अंकों का एक कोड जेनरेट होता है, जो ठग पूछ लेते हैं। यह कोड ठग अपने मोबाइल फोन में फीड करता है तो पीड़ित के मोबाइल या कंप्यूटर का कंट्रोल उसके पास चला जाता है। वह उसे एक्सेस करने की अनुमति भी पीड़ित से ले लेता है। इसके बाद फोन या कंप्यूटर का सभी डाटा चुरा लेता है। अब अगर आपके मोबाइल पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) एप है तो खाते की पूरी रकम उड़ा लेगा।

एनी डेस्क के माध्यम से ठगी के मामलों में देखने को आया है कि पीड़ित ने ऑनलाइन शॉपिंग, मूवी टिकट समेत अन्य खरीदारी के लिए गूगल से किसी कंपनी के प्रतिनिधि का नंबर निकाला, लेकिन यह नामी वेबसाइट से मिलती जुलती फर्जी वेबसाइट पर साइबर ठग का नंबर था। इसके बाद साइबर ठग ने कंपनी का प्रतिनिधि बनकर झांसे में लिया और खाते से संबंधित जानकारी हासिल करने के बाद अकाउंट से पूरी रकम उड़ा दी। किसी भी तरह का ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए।

- मोबाइल कंट्रोल करने वाले ठगों से कैसे बचें
- क्रेडिट कार्ड के लिए आने वाली कॉल को न सुनें
- यदि कॉल उठाते हैं तो कोई जानकारी साझा न करें
- कॉलर द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को क्लिक न करें
- किसी भी संबंध में कंपनी के अधिकृत नंबरों पर ही कॉल करें
- किसी के भी कहने पर अपने मोबाइल में बैंक एप्लीकेशन को न खोलें
- आरबीआई ने जारी किए निर्देश

भारतीय रिजर्व बैंक धोखाधड़ी मामले को देखते हुए सख्त कदम उठाया है जिसके लिए आरबीआई ने सभी बैंकों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वह अपने यहां पर खोले गए सभी खाताधारकों को इस एनी डेस्क ऐप से सावधान करें। जिससे कि उन लोगों के पैंसे डूबने से बच जाए।




## अदालती - नोटिस

**सम्मन वास्ते करारदार उमुल तन की हतलब**

**(आर्डर ५ कायदा १ व ५)**

न्यायालय श्री मान उपर सत्र न्यायाधीश/एक टी.
सी. द्रितीय जौनपुर उ. प्र. म. न. ९०१ सन २०१८
शीवम सिंह बनाम ममता सिंह
बनाम - ममता सिंह पुत्री स्व. प्रेम शंकर सिंह
रूम नं. १ जी. के. जी रोड लोंडे महल ,
संत राम दास मार्ग मुलुंड ईस्ट ४०००८१

हरगाह उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिथ के कवथ दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है की आप व तारीख माह सन ई. वक़्त बजे अदालत उया मार्फत अपने वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकयी वाकिफ हो और कुल उमूरात अहम मुताबिक मुकदमा का जवाब दे ही दावा को करे और हरगाह वाही तारीख जो आपके दजहार के लिए मुक़र्रर है वारदात ईनाफि साल कत्तई मुकदमा के तजवीज हुई है और आपको नोटिस है उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनकी आप अपनी जवाब दे ही के सईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे आपको मुददई हाजिरी आपको मसबुन और फैसला व सख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज तारीख माह सन ई. में जारी किया गया.
तारीख पेशी -१७/०७/२०१९

जवाबतनकी
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित
निकासी गयी (न्यायालय)

# ठाणे-नई मुंबई में बम से अफरा-तफरी

**नई मुंबई :** ठाणे में आतंकी हमले का पत्र और नई मुंबई में टाइमर लगा बम मिलने से बमचक मच गई। पुलिस और खुफिया तंत्र की सक्रियता से दोनों ही जगहों पर आतंक का टाइमर फेल हो गया। इस घटना से पूरे दिन शहर में अफरा-तफरी रही लेकिन शाम होते-होते लोगों ने राहत की सांस ली। नई मुंबई में कुछ दिन पहले ही पुल के पिलर पर आईसिस की तरफ से धमकियां लिखी गई थीं। इस घटना के पीछे सनकी की सनक को पाए जाने पर सुरक्षा एजेंसियां राहत की सांस ले रही थीं कि सोमवार को ठाणे में पाजी प्रेमी ने मॉल में धमकी भरा खत रख दिया।

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड ( पूर्व ), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com